
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 18 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...भारतियों के लिए कोई नई बात नहीं



# पेज थ्री

देहरादून, शनिवार, 11 अप्रैल 2020



मौसम अधिकतम 32.0º न्यूनतम 18.0º

31159.62

2 पाक के पीएम की जा सकती है कुर्सी

7 बंद स्टेडियम में भी खेलने को तैयार कमिंस

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी ने जापानी पीएम शिंजो आबे से की बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के पीएम शिंजो आबे से फोन पर बात की है। पीएम मोदी ने ट्वीटर पर इसकी जानकारी देते हुए इसे काफी फलदायी वार्ता बताई है। पीएम मोदी ने अपने ट्वीट में कहा, कोविड–19 के बारे में मेरे मित्र जापानी प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ अच्छी बातचीत हुई। भारत–जापान विशेष सामरिक और वैश्विक भागीदारी कोरोना वायरस के बाद नई तकनीक व समाधान विकसित करने में मदद कर सकती है, जोकि हमारे लोगों, इंडो–पैसिफिक क्षेत्र और दुनिया के लिए होगी।

### महामारी से निपटने के लिए सार्क देशों ने बनाया कोविड–19 फंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस की महामारी से निपटने के लिए साउथ एशियन एसोसिएशन फॉर रीजनल को–ऑपरेशन ने आपातकालीन फंड बनाने के घोषणा की है। पाकिस्तान द्वारा सार्क कोविड 19 इमरजेंसी रिस्पांस फंड में 30 लाख अमरीकी डालर दान करने के बाद से पीछे हटता दिख रहा है। इसको लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि प्रत्येक राष्ट्र की गंभीरता का अंदाजा उनके व्यवहार से लगाया जा सकता है।

### रेल मंत्रालय ने सभी अटकलों पर लगा दिया विराम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देशभर में कोरोना वायरस के चलते लगाए गए 21 दिनों के लॉकडाउन के बाद ट्रेन चलेंगी या नहीं? इस सवाल का जवाब देश के करोड़ों लोग जानना चाह रहे हैं। कई मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि कुछ नियमों के साथ ट्रेन सेवा देश में शुरू हो जाएगी। हालांकि, भारतीय रेलवे ने अभी तक इसकी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है।

# देश में तेजी से बढ़ रहे नए मामले

6,412 हो गई कोविड–19 मरीजों की संख्या

## खतरनाक संकेतः अब तक करीब 199 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में जानलेवा कोरोना वायरस के मामले बढ़ते जा रहे हैं। देश में कोरोना से अब तक करीब 199 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा 199 तक पहुंच गया है। पिछले 12 घंटे में 547 नए मामले सामने आए हैं, वहीं 30 लोगों की मौत हुई है। कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या भी बढ़कर 6412 तक पहुंच गई है, जिनमें से 5709 लोगों का इलाज चल रहा है। वहीं 504 लोग ठीक हो चुके हैं।

शुक्रवार को भारत में लॉकडाउन का 17वां दिन है। 14 अप्रैल को लॉकडाउन खत्म करने की तिथि निर्धारित की गई है। फिलहाल इसे आगे बढ़ाने पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। इस बीच अंडमान और निकोबार में सभी 10 कोरोना पॉजिटिव मरीज इलाज के बाद ठीक हो गए हैं, उनका कोरोना टेस्ट नेगेटिव पाया गया है। कोरोना ने सबसे ज्यादा कहर महाराष्ट्र में बरपाया है जहां कोविड–19 से मरने वालों की तादाद 97 तक पहुंच चकुी है जो पूरे देश में हुई मौतों से करीब–करीब आधी हैं।



### देश में अभी कम्यूनिटी ट्रांसमिशन नहीः स्वास्थ्य मंत्रालय

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटे में 678 नए केस सामने आने से कुल मामले बढ़कर 6,412 हो चुके हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि देश में अभी कम्यूनिटी ट्रांसमिशन की स्थिति नहीं है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि देश में अभी कम्यूनिटी ट्रांसमिशन की स्थिति नहीं है लेकिन सतर्कता जरूरी है। देश में टेस्टिंग की रफ्तार भी तेजी से बढ़ी है और अब कुल 213 लैब काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पर्याप्त संख्या में टेस्ट किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय में जॉइंट सेक्रटरी लव अग्रवाल ने बताया कि जनवरी में हमने 1 लैब से काम शुरू किया, उसे बढ़ाकर 15 पहुंचाया और आज 146 सरकारी लैब हैं, 67 प्राइवेट लैब हैं जिनके 16 हजार से ज्यादा कलेक्शन सेंटर हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी में हम रोजाना 100 टेस्ट कर रहे थे।

### रक्तदान के लिए करें प्रेरित

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि, कोरोना वायरस को रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन के चलते रक्तदान में कमी आई है। हमने फैसला किया है कि रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए जहां–जहां संभव हो दाताओं से ब्लड उनके घर पर लें या उनको घर से उनको बुलाकर रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।

### इंदौर में कोरोना से एक और डॉक्टर की मौत

इंदौर। देश में पहली बार कोरोना से गुरुवार को इंदौर में ही एक डॉक्टर की मौत हुई। शुक्रवार को भी इंदौर के ही अरबिंदो अस्पताल में डॉक्टर ओमप्रकाश चौहान की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि डॉ चौहान इंदौर के मरीमाता इलाके में क्लिनिक चलाते थे।

## नेपाल के रास्ते सीमा पार से भेजे गए 40–50 संक्रमित संदिग्ध

# भारत में कोरोना फैलाने की हो रही है साजिश!

सीमा सुरक्षा बल से सीमा पर मुश्तैदी बढ़ाने को कहा है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस को भारत में फैलने से रोकने के लिए भारत सरकार और राज्य सरकारें हर संभव कदम उठा रही हैं। वहीं कुछ लोग इन कोशिशों को नाकाम करने में जुटे हैं। पश्चिमी चंपारण (बेतिया) के जिलाधिकारी कुंदन कुमार का एक पत्र सामने आने के बाद खुलासा हुआ है कि सीमा पार से कुछ लोग भारत और खासकर बिहार में रणनीति के तहत कोरोना वायरस का संक्रमण फैलाना चाहते हैं।

पत्र में पुलिस अधीक्षक के जरिए जिलाधिकारी सीमा सुरक्षा बल के 47वीं वाहिनी बटालियन को सूचित कर रहे हैं कि सीमा पार से कोरोना संक्रमित संदिग्धों को भारत में दाखिल कराया गया है। पत्र के मुताबिक 40–50 कोरोना संदिग्धों को भारत में दाखिल कराया गया है। इन लोगों का मकसद भारत में कोरोना संक्रमण फैलाना है।

पत्र के मुताबिक भारत में दाखिल होने वाले सभी मुस्लिम हैं। इन लोगों को जालिम मुखिया नाम के शख्स ने भारत में दाखिल कराया है। जालिम मुखिया हथियार तस्कर है। वह नेपाल के जिला पारसा के सेरवा थाना अंतर्गत जग्रनाथपुर गांव का रहने वाला है।

जालिम मुखिया ने एक रणनीति के तहत कोरोना संदिग्ध संक्रमितों को नेपाल बॉर्डर रास्ते से भारत में दाखिल कराया है। पत्र में जिलाधिकारी सीमा सुरक्षा बल से अनुरोध कर रहे हैं कि वे चौकसी बढ़ा दें। साथ ही ये भी कहा गया है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर अच्छे से निगरानी रखी जाए।

यहां यह भी गौर करने वाली बात है कि दिल्ली में तबलीगी जमात के लोगों में भारी संख्या में कोरोना संक्रमण मिलने के बाद खुफिया एजेंसियां भी इस मामले की जांच में जुट गई है। इस बात का पता लगाने की कोशिश हो रही है कि क्या कोई विदेशी ताकतें एक धर्म विशेष के लोगों को झुठी बातें बताकर भारत में कोरोना वायरस का संक्रमण फैलाना चाहता है।

बता दें कि पिछले दो दिनों में बिहार में अचानक से कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ गई है।

### डीएम के पत्र पर बोले गृह सचिव

बेतिया के जिलाधिकारी का पत्र सामने आने पर गृह सचिव अमीर सुबानी ने कहा कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। गृह मंत्रालय को भी जानकारी दी गयी है। आमिर सुबहानी ने कहा कि किसी को घुसने नहीं दिया जाएगा। मामला नेपाल में है, लेकिन हमने अपने अधिकारियों को अलर्ट कर दिया है। उन्होंने कहा अभी जो सूचना मिली है उसके मुताबिक संदिग्ध घुसे नहीं हैं घुसने की फिराक में हैं।

## आपदा प्रबंधन को भेजी जाए पीएम राहत कोष में एकत्रित राशि

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



### सुप्रीम कोर्ट में उठी मांग

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए याचिका दायर की गई, जिसमें इस बीमारी के लिए होने वाली जांच को लोगों के डोरस्घ्टेप पर मुहैया कराने की मांग के साथ ही इसके लिए गठित राहत कोषों से धनराशि को आपदा प्रबंधन को ट्रांसफर करने की मांग की गई है।

इलाहाबाद के चार वकीलों ने यह याचिका दायर किया है। इस याचिका में यह कहा गया है कि घर–घर जाकर जांच कराई जाए और इसकी शुरुआत उन शहरों से कराई जाए, जहां संक्रमण के अधिक मामले हैं। साथ ही कोरोना वायरस की महामारी से लड़ने के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष और मुख्यमंत्री राहत कोष में एकत्र कराई गई राशि आपदा प्रबंधन को स्थानांतरित करने की मांग की गई है, ताकि इस धनराशि का इस्तेमाल कोविड 19 महामारी से निपटने में किया जाए।

बता दें कि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा और प्रवासी मजदूरों को उनके घर या निकटतम बिंदु पर पहुंचाने की व्यवस्था करने का आग्रह किया है, जहां से उनके संबंधित राज्य उन्हें उनके घरों में सुरक्षित लौटने का आश्वासन देंगे।

## भारत ने उठाए सबसे कड़े कदम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

भारत का इंडेक्स है सबसे ज्यादा

लंदन। पूरी दुनिया इस वक्त कोरोना वायरस की चपेट में है। इसका इलाज फिलहाल खोजा नहीं जा सका है लेकिन सोशल डिस्टेंसिंग को ही सबसे बड़ा हथियार माना जा रहा है। इसी कड़ी में भारत ने पिछले महीने लॉकडाउन घोषित कर दिया जबकि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में अभी तक इसे लेकर सख्ती देखने को नहीं मिली है। लंदन की ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी के स्ट्रिंजेंसी इंडेक्स के तहत भारत ने कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए सबसे कड़े कदम उठाए हैं। भारत का स्ट्रिंजेंसी इंडेक्स 100 है जो कि सबसे ज्यादा है। किसी भी समस्या से निपटने के लिए किसी सरकार ने कितने कड़े कदम उठाए हैं, इसके आधार पर स्ट्रिंजेंसी इंडेक्स निकाला जाता है।

माना जा रहा है कि इतनी बड़ी आबादी वाले देश के लिए यह फैसला कोरोना वायरस को फैलने से रोकने के लिए एक अहम कदम साबित हो सकता है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in